1825 मरीजों की हुई जांच

पहल

- 145 लोगों की आंख के किए जाएंगे ऑपरेशन

मरीजों से बात करती हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उप चेयर पर्सन शक्ति रानी।

अंबाला शहर, जागरण संवाद केंद्र : चौड़मस्तपुर के शिव गोरखनाथ बहुतकनीकी संस्थान में रविवार को लगाए गए चिकित्सा शिविर के दौरान 1825 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। अंबाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी ने किया।

शिविर में शक्ति रानी शर्मा ने इलाज करवाने आए लोगों से स्वयं जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य समाज के उन गरीब और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है, जो पैसे के अभाव के कारण अच्छे डॉक्टरों से इलाज करवाने में सक्षम नहीं हैं। शिविर में फोर्टिस अस्पताल मोहाली तथा चिल्ड्रन अस्पताल पंचकुला के 18 विशेषज्ञ चिकित्सकों, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस आहलूवालिया और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा की टीम ने भी शिविर में आए लोगों की आंखों और दांतों का निरीक्षण किया।

सोसायटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि 150 लोगों के दांतों तथा 750 लोगों की आंखों की जांच की गई। विभिन्न महिला रोगों से पीडित 350 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ-साथ चर्म रोग विशेषज्ञ द्वारा 250, कान, नाक और गला, हड्डियों व सामान्य बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 325 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अतिरिक्त शिविर में 145 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन के लिए पहचान की गई। यह ऑपरेशन डॉ. पीसी शर्मा द्वारा निशुल्क किए जाएंगे। शिविर में 450 लोगों को चश्मे निशुल्क वितरित किए गए जबकि 250 लोगो के ईसीजी, 300 लोगों के शुगर, 60 लोगों की ईको और 90 लोगों की हड्डियों की ताकत की जांच से संबंधित बीएमडी टेस्ट भी किए गए। जरूरतमंद मरीजों को सोसायटी की ओर से दवाएं भी निशुल्क दी गई। शिविर में फोर्टिस अस्पताल मोहाली की हृदय रोग विशेषज्ञ अरुण कोछर, सामान्य बीमारियों के विशेषज्ञ सुनीता चंद्रन, चर्म रोग विशेषज्ञ सुरुचि गुप्ता, कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ अनीष गुप्ता, डॉ. ईसिता, डॉ. अजीम, हड्डी रोग विशेषज्ञ गौरव, डॉ. विवेक कोच्छर, डॉ. नीलम डोगरा, डॉ. विवेकशील मल्होत्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में उपायुक्त शेखर विद्यार्थी और एसडीएम मुकेश आहुजा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।